प्रेषक,

भूपेन्द्र प्रताप
अपर जनपद न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय
जनपद सहारनपुर।

सेवा में,

श्रीमान प्रमुख सचिव/गृह (पुलिस) अनुभाग–9
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

द्वारा– माननीय जनपद न्यायाधीश
जनपद सहारनपुर।

विषय –प्रार्थी की पत्नी श्रीमती मीरा सिंह, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, मुजफ्फरनगर के स्थानान्तरण के सम्बन्ध में ।

– – – – – – –

महोदय,

ससम्मान अवगत कराना है कि प्रार्थी वर्तमान में जनपद सहारनपुर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत है तथा प्रार्थी की पत्नी श्रीमती मीरा सिंह, जनपद मुजफ्फरनगर में ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी के पद पर तैनात हैं। प्रार्थी की नियुक्ति जनपद सहारनपुर में होने के आधार पर ही प्रार्थी की पत्नी का स्थानान्तरण जनपद देवरिया से जनपद सहारनपुर के निकटस्थ जनपद मुजफ्फरनगर किया गया था। वर्तमान में प्रार्थी के दोनों बच्चे जनपद सहारनपुर में ही पढ़ रहे हैं, जिस आधार पर प्रार्थी की पत्नी श्रीमती मीरा सिंह के द्वारा अपना स्थानान्तरण जनपद सहारनपुर किए जाने हेतु एक प्रार्थना पत्र दि0 23.03.2023 को प्रस्तुत किया गया था। किन्तु प्रार्थी की पत्नी श्रीमती मीरा सिंह का स्थानान्तरण जनपद सहारनपुर के स्थान पर खाद्य प्रकोष्ठ, जनपद लखनऊ में कर दिया गया है, जो जनपद सहारनपुर से लगभग 600 किमी0 की दूरी पर है। इतनी दूर रहकर प्रार्थी की पत्नी श्रीमती मीरा सिंह बच्चों की किसी प्रकार की कोई देखभाल नहीं कर सकेंगी तथा प्रार्थी के द्वारा अकेले बच्चों की सम्यक देखभाल किया जाना सम्भव नहीं है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव न केवल प्रार्थी के बच्चों पर होगा, बल्कि प्रार्थी के द्वारा न्यायिक कार्य का निष्पादन भी पूर्ण निश्चिंतता से किए जाने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। प्रार्थी का स्थानान्तरण माह अप्रैल 2024 में होना है, माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा मिड–टर्म स्थानान्तरण पर विचार नहीं किया जाता है जिस कारण प्रार्थी का स्थानान्तरण माह अप्रैल 2024 से पूर्व नहीं हो सकता है। अतः प्रार्थना है कि प्रार्थी की पत्नी श्रीमती मीरा सिंह का स्थानान्तरण आदेश माह अप्रैल 2024 तक के लिए रोककर उन्हें माह अप्रैल 2024 तक के लिए जनपद मुजफ्फरनगर में ही रोक दिया जावे, तथा यदि ऐसा सम्भव ना हो तो, प्रार्थी की पत्नी श्रीमती मीरा सिंह का स्थानान्तरण सहारनपुर या उसके आसपास के किसी जनपद में कर दिया जावे ताकि प्रार्थी एवं प्रार्थी की पत्नी श्रीमती मीरा सिंह अपने शासकीय कर्तव्यों के साथ–साथ अपने पारिवारिक कर्तव्यों का भी सम्यक रीति से निर्वहन कर सकें।

अतः माननीय महोदय से यह करबद्ध निवेदन है कि प्रार्थी की पत्नी श्रीमती मीरा सिंह का स्थानान्तरण आदेश माह अप्रैल 2024 तक के लिए रोककर उन्हें माह अप्रैल 2024 तक के लिए जनपद मुजफ्फरनगर में ही रोकने, तथा यदि ऐसा सम्भव ना हो तो, प्रार्थी की पत्नी श्रीमती मीरा सिंह का स्थानान्तरण सहारनपुर या उसके आसपास के किसी जनपद में करने की महती कृपा करें, प्रार्थी आभारी रहेगा।

सम्मान सहित ।

दिनांक–01.06.2023 कार्यालय–जिला न्यायाधीश, सहारनपुर

संलग्नक–यथोक्त पत्रांकः 1003 / I - 2023 दिनांक 01-06-2023

भवदीय

01/06/2023

(भूपेन्द्र प्रताप)
अपर जनपद न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय
जनपद सहारनपुर।

अग्रसारित

जिला न्यायाधीश
सहारनपुर
01/6/23

उत्तर प्रदेश शासन

गृह(पुलिस)अनुभाग-9

संख्या-2451/छः-पु0-9-23-31(37)/2020 टीसी

लखनऊः दिनांकः 26 मई, 2023

कार्यालय ज्ञाप/ स्थानान्तरण आदेश

तात्कालिक प्रभाव से निम्नलिखित वरिष्ठ अभियोजन अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित तालिका के कालम-3 में अंकित स्थान से कालम-4 में अंकित स्थान पर स्थानान्तरित कर एतद्द्वारा तैनात किया जाता है :-

क्रम सं0	अधिकारी का नाम	वर्तमान तैनाती स्थल	नवीन तैनाती
1	2	3	4
1	श्री संदीप कुमार सिंह	कानपुर नगर	भ्रष्टाचार निवारण संगठन, लखनऊ
2	मीरा सिंह	मुजफ्फर नगर	खाद्य प्रकोष्ठ, लखनऊ
3	सुनयना त्रिपाठी	जीआरपी लखनऊ	उ0प्र0 पावर कॉरपोरेशन, वाराणसी

उक्त वरिष्ठ अभियोजन अधिकारीगण उक्त आदेश का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

भवदीय

राजेश कुमार राय

विशेष सचिव।

संख्या संख्या-2451(1)/छः-पु0-9-23-31(37)/2020 टीसी तद्‌दिनांक-

प्रतिलिपि:निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
2. अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. संबंधित मण्डलायुक्त।
4. संबंधित जिलाधिकारी।
5. संबंधित पुलिस आयुक्त / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिसअधीक्षक।
6. संबंधित कोषाधिकारी।
7. सम्बंधित अधिकारीगण को तत्काल बिना प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किये अपनी नवीन तैनाती के स्थान पर कार्यभार ग्रहण कर एक सप्ताह में शासन को अवगत कराने हेतु द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक, अभियोजन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(सभापति बिन्द)

अनु सचिव।

दिनांक–01.06.2023

संलग्नक–यथोक्त

भवदीय

01/06/2023

(भूपेन्द्र प्रताप)

अपर जनपद न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय

जनपद सहारनपुर।